बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-457
22/09/2025

# मुख्यमंत्री ने नगर विकास एवं आवास विभाग की विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास, नवनियुक्त नगर प्रबंधकों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

पटना, 22 सितम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मौर्यलोक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत बिहार के कुल 33 जिलों में 769.63 करोड़ रुपये की लागत से 1300 योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने 124.44 करोड़ रुपये की लागत से पटना नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पथों के पुनर्स्थापन/पुनर्निमाण के कार्य तथा 69.97 करोड़ रुपये की लागत से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु कुल 6 अदद यांत्रिकृत कचरा स्थानांतरण स्टेशन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 15 करोड़ रुपये की लागत से पटना स्मार्ट सिटी अंतर्गत मौर्यलोक परिसर में सुविधाओं के सृजन का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित मौर्य मंडपम का निरीक्षण किया और वहां 22 नगर प्रबंधकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने सांकेतिक रूप से नगर प्रबंधक सुश्री नीतू कुमारी, सुश्री वर्षा कुमारी, सुश्री निशां परवीन, श्री रितेश कुमार एवं श्री आशीष रंजन को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना पर आधारित पुस्तिका का मुख्यमंत्री ने विमोचन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वच्छता सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता एक्सप्रेस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने स्वच्छताकर्मी श्रीमती सुलेखा देवी, श्रीमती मालती देवी, श्री श्रवण कुमार, श्री अजय पासवान एवं श्रीमती सविता देवी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि आज नगर विकास एवं आवास विभाग की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। इन कार्यों को तेजी से और बेहतर ढंग से पूर्ण करें।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन, सांसद श्री रविशंकर प्रसाद, विधायक श्री संजीव चौरसिया, पटना नगर निगम की उपमहापौर श्रीमती रेशमी चंद्रवंशी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पटना प्रमंडल के आयुक्त डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, पटना नगर निगम के आयुक्त श्री अनिमेष पराशर, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा, वरीय अधिकारीगण, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव श्री अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, नवनियुक्त नगर प्रबंधक एवं स्वच्छताकर्मी उपस्थित थे।

******